statement explaining the position of, overaged steam locomotives & sale of condemned locomotives as scrap railway-wise durine the last three years is attached *(See* below). Railways have planned to phase/out steam traction by the year 2000 AD.

(c) No, Sir. During 1992-93, a target of condemnation of 530 steam locmomotives has been fixed.

Statement

(a) *Position of overaged steam locomotives Railway-wise as on 1-4-1992 is as under:—*

Gauge-wise Division	Central	Eastern	Northern	North Eastern	North Frontier	Southern	South Central	South Eastern	Western
BG	—	3	9	1	—	—	1	5	—
MG	—	—	7	58	43	5*	7	—	11
NG	3	8	—	—	22	—	—	15	8

*Provisional

(b) *The details of sale of condemned locomotives as scrap Railway-wise are as under:—*

Railway	No. of locomotives sold as scrap during			Average Value realised per loco (Rs. in lacs)
	1989-90	1990-91	1991-92	
Central	104	39	65	6.52
Eastern	51	80	131	4.33
Northern	94	60	62	5.11
N. E. Railway	13	25	50	2.99
N. F. Rly	52	1	15	1.89
Southern	27	9	7	2.32
S. C. Rly	57	55	43	3.82
S. E. Rly	31	59	99	5.30
Western	56	21	84	4.26

प्रयागराज एक्सप्रेस का इटावा रेलवे स्टेशन पर रोका जाना

3479. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार प्रयागराज एक्सप्रेस गाड़ी को इटावा रेलवे स्टेशन पर रोकने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इटावा स्टेशन पर रुकने वाली गाड़ियां कौन-कौन सी हैं; साथ ही वहां से गुजरने वाली गाड़ियां कौन-कौन सी हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) एक विवरण संलग्न है।

विवरण

इटावा में ठहरने वाली गाड़ियों की सूची

1. 4163/4164 संगम एक्सप्रेस
2. 4517/4518 कंचाहार एक्सप्रेस
3. 3413-3483/3414-3484 फरक्का एक्सप्रेस
4. 3111/3112 दिल्ली सियालदह एक्सप्रेस
5. 2521/2522 एन० ई० एक्सप्रेस
6. 4083/4084 महानंदा एक्सप्रेस
7. 2311/2312 कालका-दिल्ली हवड़ा मेल
8. 3007/3008 उद्यान आभा तूफान एक्सप्रेस
9. 2419/2420 गोमती एक्सप्रेस

10. 5207/5208 अमृतसर-बरौनी एक्सप्रेस
11. 5045/5046 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस
12. 8101/8102 अमृतसर-हटिया/टाटा एक्सप्रेस
13. 2303-2381/2304-2382 ए० सी० एक्सप्रेस
14. 3039/3040 दिल्ली-हवड़ा जनता एक्सप्रेस
15. 5063/5064 अवध एक्सप्रेस
16. एसी/2 एसी आगरा कैंट-कानपुर पैसेंजर
17. 3 एसी/4एसी आगरा कैंट-कानपुर पैसेंजर
18. एसके/2 एसके शिकोहाबाद-कानपुर पैसेंजर

इटावा में न ठहरने वाली गाड़ियों की सूची

1. 2815/1816 नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस
2. 8475/8476 नीलाचल एक्सप्रेस
3. 2003-2004 शताब्दी एक्सप्रेस
4. 2301/2302 राजधानी एक्सप्रेस
5. 2417/2418 प्रयागराज एक्सप्रेस
6. 2455/2456 ब्रह्मपुत्र मेल
7. 2553/2554 वैशाली एक्सप्रेस
8. 2391/2392 मगध विक्रम शिला एक्सप्रेस

रेल में कंप्यूटरों का उपयोग

3480. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेल मंत्रालय के अधीन विभिन्न उपक्रमों/बोर्डों तथा अन्य कार्यालयों द्वारा खरीदे गये कंप्यूटर खराब हालत में पड़े हैं और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्राप्त न होने के कारण इन कंप्यूटरों का उपयोग नहीं हो पा रहा है और यदि हां, तो इसका संगठनवार ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान कितने कंप्यूटर खरीदे गये और संगठनवार उस पर कितनी राशि खर्च की गई; और

(घ) कितने कर्मचारियों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

रेल दुर्घटनाएं

3481. **श्री कैलाश नारायण सारंग:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवम्बर, 1992 के महीने में कितनी रेल दुर्घटनाएं हुईं साथ ही इन दुर्घटनाओं के स्थानों और तिथियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन दुर्घटनाओं के कारण हुए जान और माल के नुकसान का ब्यौरा क्या है और उनमें कितने लोग घायल हुये;

(ग) इन दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को मुआवजे के रूप में कितने राशि दी गई और बाद में दम तोड़ने वाले घायलों के निकट संबंधियों को कितनी राशि दी गई और क्या उक्त राशि उन्हें पहले ही दी जा चुकी है;

(घ) क्या इन दुर्घटनाओं के कारणों की जांच की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) नवम्बर, 1992 के महीने के दौरान देश में विभिन्न स्थानों पर 38 दुर्घटनाएं हुईं। रेलवे-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:—

रेलवे	दुर्घटनाओं की संख्या
मध्य	1
पूर्व	7
उत्तर	5
पूर्वोत्तर	3
पूर्वोत्तर सीमा	2
दक्षिण	6
दक्षिण मध्य	3
दक्षिण पूर्व	7
पश्चिम	4
	38